जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 | अंक-42 | जयपुर, सोमवार, 9 नवम्बर, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



ढाक की गूंज और बंगाल की परंपरा के साथ 5वें इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवॉर्ड्स का भव्य स्वागत

कोलकाता (हमारा वतन)। सिनेमा, कला और रचनात्मक प्रतिभाओं के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित 5वें इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवॉर्ड्स का भव्य समारोह 30 अक्टूबर 2026 को संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर लोक अदालत के एक सम्मानित न्यायाधीश की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उद्घाटन संबोधन दिया।

समारोह की शुरुआत उनके संबोधन के साथ हुई, जिसने आयोजन को एक विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर स्वतंत्र सिनेमा से जुड़े फिल्मकारों, निर्देशकों, निर्माताओं, लेखकों, सिनेमैटोग्राफरों और अन्य रचनात्मक प्रतिभाओं के योगदान को सम्मानित किया गया।

इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवॉर्ड्स का उद्देश्य स्वतंत्र फिल्मकारों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना तथा उनकी रचनात्मक सोच, मेहनत और कलात्मक अभिव्यक्ति को पहचान दिलाना है। यह आयोजन नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और विश्वभर के सिनेमा जगत के बीच रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समारोह को फिल्म फेस्टिवल जंक्शन द्वारा संचालित तथा Xcreened के सहयोग से आयोजित किया गया।

पांचवें संस्करण का यह आयोजन सिनेमा और कला के प्रति समर्पित प्रतिभाओं के लिए एक यादगार अवसर साबित हुआ।



चौमूं में महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान की कार्यकारिणी बैठक हुई आयोजित

जयपुर (हमारा वतन)। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं की कार्यकारिणी की मीटिंग सैनी समाज सभा भवन पर संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट समारोह दिनांक 9 नवम्बर 2026 को दोपहर 2 बजे से सैनी समाज सभा भवन पर आयोजित किया जाएगा। साथ ही मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी दिनांक 25 दिसंबर 2026 को सामान्य ज्ञान, निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिता जूनियर, सीनियर व कॉलेज वर्ग की संस्थान द्वारा आयोजित की जाएगा।

इस अवसर पर संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया, पूर्व अध्यक्ष अर्जुन लाल सिंगोदिया, युवा लाल सिंगोदिया, रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया (अध्यक्ष SKAVS) उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जमालपुरिया, मंत्री ओम भगत, कोषाध्यक्ष राम चन्द्र तंवर, सीता राम चंदोलिया, ओंकार तंवर, मोहन लाल तंवर, राज कुमार कांकरवाल, मोहन लाल सिंगोदिया आदि उपस्थित रहे।

सरिता चौधरी बनीं जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था की चौमूं तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष



चौमूं (हमारा वतन)। जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने केशव नगर,चौमूं निवासी सरिता चौधरी धर्मपत्नी अजय पाल सिंह बेनीवाल को संस्था के चौमूं तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने नवनियुक्त चौमूं तहसील अध्यक्ष सरिता चौधरी से संस्था द्वारा चलाए जा रहे जीवन का उत्सव प्रकृति के संग एवं वटवृक्ष अभियान में अधिक से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस कार्य को और अधिक गति मिल सके।

केनरा बैंक की और से हुआ सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम-2026



चौमूं (हमारा वतन)। केनरा बैंक, मोरीजा रोड, चौमूं द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सर्किल हेड संजय कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख अतुल बंसल एवं सर्किल सतर्कता अनुभाग प्रमुख विनोद कुमार के मार्गदर्शन तथा चौमूं TCI संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता, ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संदेश दिया गया। साथ ही OTP, ATM, फर्जी कॉल, फिशिंग एवं ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी देकर आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।









हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

सम्पादकीय.....

मजबूत आधार बनेगी पीएम की उड़ान योजना

भौगोलिक परिस्थितियां जितनी खूबसूरत हैं, यहां जीवन और विकास की चुनौतियां भी उतनी ही कठिन हैं। ऊंचे पहाड़, दुर्गम घाटियां, बर्फबारी, भूस्खलन और लंबी सड़क यात्राएं प्रदेश के लाखों लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। ऐसे में हवाई संपर्क केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन और आर्थिक अवसरों तक पहुंचने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 'उड़े देश का आम नागरिक' (यूडीएएन) क्षेत्रीय संपर्क योजना के माध्यम से हवाई यात्रा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।


राम गोपाल सैनी

हिमाचल के पहाड़ों की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच हिमाचल में हवाई सफर को सुगम बनाने और विमानन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। संशोधित क्षेत्रीय संपर्क योजना ङ्क उड़ान के तहत अब मौजूदा हवाई सेवाओं के संचालन के साथ नई उड़ानों और पात्र विमानन अवसंरचना के विकास का रास्ता मजबूत होगा। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल के लिए यह सौगात 10 साल तक प्रभावी रहेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय की पहल पर अब मौजूदा और नई उड़ान हवाई सेवाओं के साथ पात्र विमानन सुविधाओं के विकास एवं संचालन के लिए सहयोग का व्यापक ढांचा तैयार किया गया है। इस योजना के तहत 80 प्रतिशत केंद्र का योगदान रहेगा। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए यह योजना विशेष महत्व रखती है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने क्षेत्रीय हवाई संपर्क को देश के विकास की प्राथमिकताओं में स्थान दिया। यह सोच कि हवाई यात्रा केवल बड़े शहरों और संपन्न वर्ग तक सीमित न रहे, बल्कि छोटे शहरों, दूरदराज के क्षेत्रों और आम नागरिकों तक भी पहुंचे, समावेशी विकास की भावना को दर्शाती है।

दिवाली पर घर सजाने के ये हैं टिप्स हर किसी को पसंद आएगी सजावट

अगर आप भी घर को कैसे सजाएं इसे लेकर कंफ्यूज हैं तो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं दिवाली डेकोरेशन से जुड़े कुछ ऐसे नायाब तरीके जिन्हें अपनाकर आप इस दीवाली अपने घर को अलग और घर की ज्यादातर महिलाएं दिवाली की साफ सफाई का काम अब तक निपटा चुकी होंगी। अब अगली चीज जो उन्हें परेशान कर सकती है, वो हैं घर की सजावट। जी हां, अगर आप भी घर को कैसे सजाएं इसे लेकर कंफ्यूज हैं तो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं दिवाली डेकोरेशन से जुड़े कुछ ऐसे नायाब तरीके जिन्हें अपनाकर आप इस दीवाली अपने घर को अलग और खास अंदाज में सजा सकती हैं और वो भी आपके बजट में रहकर।



घर पर लगे शीशे ऐसे करें डेकोर-मिरर सेल्फी के लिए क्रेजी युवाओं को ये आइडिया बेहद पसंद आने वाला है। इस टिप्स को फॉलो करने के लिए आप मिरर डेकोरेट करते समय लाइटिंग के साथ फूलों की लड़ियों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह देखने में बेहद खूबसूरत लगता है।

रंगोली-दिवाली हो या घर में कोई भी शुभ अवसर, घर के आंगन में जब तक रंगोली न बनी हो सजावट अधूरी ही लगती है। ऐसे में दिवाली डेकोरेशन करते समय घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं। यह रंगोली दिखने में बेहद आसान और सुंदर लगती है। रंगोली बनाकर आप उसके ऊपर दिए और कैंडिल भी सजा सकते हैं।

डेकोरेटिव कैंडल-इस दिवाली आप अपनी रंगोली या घर के किसी बोरिंग कोने को सजाने के लिए फैंसी कैंडल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

दीपक-दिवाली उत्साह और प्रकाश का पर्व माना जाता है। इस दिन आप आपने घर के हर कोने से अंधकार को दूर करके खुशियों की रोशनी करने के लिए घर के हर कोनों पर दीपक जलाएं। इसके लिए आप मिट्टी के दीपक को पेंट करके उनकी शोभी और बढ़ा सकती हैं।

माला और तोरण-घर के दरवाजे और खिड़कियों को सजाने के लिए आप फूलों और तोरण का इस्तेमाल कर सकती हैं। घर के मेन गेट और बाकी के अलग कमरों के लिए आप अलग-अलग डिजाइन वाले तोरण मार्केट से खरीद सकती हैं। माना जाता है कि दिवाली पर मुख्य द्वार पर तोरण लगाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। कई लोग घरों पर आम के पत्तों से तोरण बनाते हैं। इसे लगाने से घर के मुख्य द्वार पर बेहद सुंदर और पारंपरिक लुक आता है।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल को डॉ. त्रिलोक सोनी ने किया पौधा भेंट

देहरादून (हमारा वतन)। पर्यावरण संरक्षण संवर्द्धन के संदेश वाहक बनकर जन जन को जागरूक कर रहे वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल व अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी से मुलाकात किया और दीपावली के शुभ अवसर पर उन्हें तुलसी का पौधा उपहार में भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दिया।



जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल डॉ. सोनी के हरे वस्त्र पहनावे से बहुत प्रभावित हुए और कहा आपका ये पहनावा स्वयं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

वहीं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने डॉ. सोनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा डॉ. सोनी का कार्य जन जन को जागरूक करने का हैं। वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने दीपावली पर जन जन से आह्वान करते हुए कहा हमारे उत्तराखंड में स्वच्छ, सुंदर, प्रदूषण मुक्त आबोहवा हैं हमें इसको बनाकर रखना है। सारूप के बने सामग्री का प्रयोग न करें और पटाखे सीमित समय व कम से कम जलाये। अधिक आतिशबाजी से प्रदूषण अधिक फैलता है जिससे आंखों, चर्मरोग, श्वसन संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।











न्यू देवश्री टेलीकॉम का तुम मेरे हो मूवमेंट मचा रहा धमाल

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं शहर के थाना मोड़ स्थित प्रसिद्ध मोबाइल प्रतिष्ठान न्यू देवश्री टेलीकॉम हर बार ग्राहकों के लिए नए-नए सेगमेंट और अनूठे ऑफर लेकर आता है। इस बार दीपावली के पावन पर्व पर न्यू देवश्री टेलीकॉम द्वारा शुरू किया गया तुम मेरे हो मूवमेंट पूरे शहर में जबरदस्त धमाल मचा रहा है। न्यू देवश्री टेलीकॉम के निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष तुम मेरे हो मूवमेंट आगामी 8 नवंबर 2026 तक संचालित रहेगा। इस मूवमेंट का शहर में इतना सकारात्मक और अद्भुत प्रभाव



देखा जा रहा है कि थाना मोड़ से लेकर नगर परिषद तक के सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर पहली बार पूरे बाजार को भव्य रूप से सजाया है। इस सामूहिक पहल और सजावट से सभी व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और पूरा व्यापारिक वर्ग लाभान्वित होगा। तुम मेरे हो मूवमेंट के तहत एक अनोखी रील प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें कोई भी व्यक्ति तुम मेरे हो थीम पर दिल को छू लेने वाली (इमोशनल या क्रिएटिव) रील बना सकता है। रील बनाने के बाद प्रतिभागी को इंस्टाग्राम पर न्यू देवश्री टेलीकॉम की ऑफिशियल आईडी के साथ कोलैबोरेट (Collaboration) करना होगा। यदि प्रतिभागी की रील वायरल होती है, तो तुम मेरे हो टीम की ओर से उन्हें एक शानदार स्पेशल गिफ्ट प्रदान किया जाएगा।











जॉब्स

1. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद मिनिस्टीरियल एंड आइसोलेटेड पोस्ट, पद संख्या 195, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2026
2. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद एनटीपीसी 10 + 2 लेवल, पद संख्या 1689, अंतिम तिथि 13 नवंबर 2026
3. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद स्टेशन मास्टर, पद संख्या 1250, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026
4. सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर कोर्ट अटेंडेंट, पद संख्या 130, अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026
5. नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2008, अंतिम तिथि 22 नवंबर 2026
6. सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया, पद कोर्ट मास्टर (शॉर्ट हैंड), पद संख्या 20, अंतिम तिथि 15 नवंबर 2026
7. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड भेल, पद विभिन्न ट्रेड्स कारीगर, पद संख्या 660, अंतिम तिथि 18 नवंबर 2026
8. डीएसएसएसबी, पद सफाई कर्मचारी, चौकीदार, पद संख्या 25, अंतिम तिथि 11 नवंबर 2026

पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़ राजस्थानी गीत की गुलाबी नगर में हुई भव्य लॉन्चिंग

जयपुर (हमारा वतन)। राजस्थान की संस्कृति, शान, स्वाभिमान और पारंपरिक पहचान को समर्पित गीत 'पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़' का भव्य लॉन्च समारोह आज जयपुर स्थित साइंस पार्क में आयोजित किया गया। एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले निर्मित इस गीत की लॉन्चिंग कला एवं संस्कृति से जुड़े कई विशिष्ट अतिथियों, कलाकारों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश व्यास, पूर्व सीनियर उपसचिव, राजस्थान सचिवालय रहे। उनके द्वारा गीत को विशेष रूप से लॉन्च किया गया। वहीं पंकज ओझा, पूनम खंगारोत, डॉक्टर हेमंत चंदलानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद गीत की टीम एवं स्टारकास्ट का परिचय कराया गया और 'पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़' का भव्य लॉन्च किया गया। गीत की प्रस्तुति के दौरान राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति, पगड़ी और मूँछ की शान तथा राजस्थानी स्वाभिमान की झलक देखने को मिली।

गीत की स्टारकास्ट में अभिमन्यु राजपुरोहित ने हीरो की



मुख्य भूमिका निभाई है, जबकि ऋतुराज सिंह राठौर हीरोइन की भूमिका में नजर आईं। अपेक्षा व्यास और जया शर्मा ने भी गीत में महत्वपूर्ण एवं विशेष भूमिकाएं निभाईं। वहीं वीरू कंवर की गीत में विशेष एंट्री आकर्षण का केंद्र रही।

राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर ने भी गीत में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई। उनके अभिनय और राजस्थानी अंदाज को समारोह में विशेष रूप से सराहा गया। पूरी स्टारकास्ट और टीम की मौजूदगी ने लॉन्च कार्यक्रम को और खास बना दिया।

इस अवसर पर गीत की प्रोड्यूसर एवं लेखक डॉ. भावना शर्मा तथा डायरेक्टर राजवीर सिंह भाटी सहित गीत से जुड़े कलाकार और टीम के सदस्य मौजूद रहे।

'पगड़ी ऊँची मूँछ पे मरोड़' केवल एक गीत नहीं, बल्कि राजस्थान की पहचान और गौरव को सेलिब्रेट करने का प्रयास है। गीत के माध्यम से राजस्थान की पारंपरिक शान, पगड़ी, मूँछ और यहां की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक संगीत एवं प्रस्तुति के साथ दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। सम्मान समारोह ने आयोजन को एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेश से भी जोड़ा।

गीत की लॉन्चिंग के दौरान कलाकारों ने अपने अनुभव साझा किए और टीम की मेहनत के बारे में बताया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों एवं दर्शकों ने गीत और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजक डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि राजस्थान की प्रतिभाओं, कलाकारों और संस्कृति को बड़े मंच तक पहुंचाना इस प्रोजेक्ट का प्रमुख उद्देश्य है।



ग्राम पंचायत फतेहपुरा उपसरपंच रामस्वरूप रेवाड़िया का हुआ स्वागत

जयपुर (हमारा वतन)। ग्राम पंचायत फतेहपुरा के पंचायत चुनाव के पश्चात, उपसरपंच रामस्वरूप रेवाड़िया का विशेष रूप से बलेसरा परिवार निवास स्थान पर आगमन हुआ। चुनाव परिणाम के उपरांत उन्होंने सरपंच प्रत्याशी पूनम रविकांत शर्मा धर्मपत्नी रविकांत शर्मा को ढांढस बंधाया तथा उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर उपसरपंच रामस्वरूप ने प्रेरणादायक शब्द कहते हुए कहा कि यह लड़ाई लंबी है, इसे जारी रखिए। सर्व समाज का आशीर्वाद और साथ आपके साथ है, और एक दिन आपकी यह मेहनत व संघर्ष जरूर रंग लाएगा। उनके इन सकारात्मक और ऊर्जावान विचारों ने सभी उपस्थित जनों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

मुलाकात के दौरान परिवारजनों ने आत्मीय भाव प्रकट करते हुए रामस्वरूप रेवाड़िया के उपसरपंच निर्वाचित होने पर उन्हें माला पहनाकर एवं साफा बंधाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया।

शॉर्ट फिल्म दिये का सच हुई रिलीज़

चौमूं (हमारा वतन)। कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले बनी नई प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म दिये का सच दीपावली के मौके पर 5 नवम्बर को सुबह 8:15 बजे यूट्यूब चैनल संस्कार टेलीफिल्म्स पर रिलीज़ हुई।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि फिल्म के शीर्षक के अनुरूप ही इसकी कहानी बेहद दिलचस्प और भावनात्मक है। इसमें एक पिता पिछले 20 सालों से अपने पुत्र-पुत्री से एक खास दिये का सच छुपाकर रखता है । वह ना तो उस दिए को खुद जलाता है और ना ही किसी को हाथ लगाने देता है। लेकिन दीपावली के दिन बच्चों की जिद के आगे उसे आखिरकार सच बताना ही पड़ता है। फिल्म के माध्यम से यह खूबसूरत संदेश देने का प्रयास किया गया है कि कुछ रिश्ते वक्त के साथ धुंधले नहीं होते, बल्कि उनकी रोशनी हमेशा दिलों के सबसे करीब रहती है। इस पारिवारिक और संवेदनात्मक



शॉर्ट फिल्म को दीपावली के पावन अवसर पर संस्कार टेलीफिल्म्स के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है । फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर, प्रिया शर्मा और मोहन सैनी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा कल्याण सिंह गुर्जर, पंडित रविंद्राचार्य,संदीप शर्मा और राजकमल डूडी महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाओं में अपने अभिनय का जादू बिखेरेंगे। फिल्म के तकनीकी पक्ष को संभालते हुए रजनीश सैनी इसके एडिटर और संदीप शर्मा असिस्टेंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। संस्था से जुड़े सभी सदस्यों और कलाकारों को पूरा विश्वास है कि पहले की तरह यह भी फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने में पूरी तरह कामयाब होगी।

वहीं हाल ही में पत्रकार और फिल्ममेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी को एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स द्वारा बेस्ट शॉर्ट फिल्म 2026 का अवार्ड, इंटरनेशनल टैगोर फिल्म अवार्ड 2026 में 11 केटेगरी में अवार्ड मिले हैं और दूरियाँ शॉर्ट फिल्म का साउथ इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवार्ड 2026 के लिए ऑफिशियल सिलेक्शन हुआ है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी, राखी, दूरियाँ और गलती किसकी जैसी शॉर्ट फिल्म संस्कार टेलीफिल्म्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा।



सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया सामर्थ्य राजस्थान गौरव अवार्ड-2026 से हुए सम्मानित

जयपुर (हमारा वतन)। सामर्थ्य सेवा संस्थान द्वारा रविवार को झालावाड़ में स्थित होटल मिष्ठान क्लब एण्ड रिसॉर्ट में सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड-2026 (7वां संस्करण) एवं सामर्थ्य राजस्थान गौरव अवार्ड-2026 (2 संस्करण) सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में झालावाड़ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार(आईपीएस), सीनियर काउंसलर सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली के डॉ. ए.पी. सिंह, कॉलेज शिक्षा राजस्थान के पूर्व आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश बैरवा (सेनि.आईएएस), झालावाड़ उप वन संरक्षक सागर पवार(आईएफएस), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, झालावाड़ उपनिदेशक गौरी शंकर मीना, लोक जनशक्ति पार्टी(यूथ विंग) दिल्ली महासचिव सीएस जसलीन कौर, राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स भवानी मंडी, झालावाड़ कार्यकारी अध्यक्ष रोहित अरोड़ा, भाटिया एंड कंपनी, झालावाड़ महाप्रबंधक रामबाबू शर्मा, सहयोग इंडिया जम्मू कश्मीर, भारत संस्थापक डॉ. अश्विनी जोजरा, मिष्ठान क्लब एंड रिसॉर्ट संस्थापक भुवनेश अग्रवाल, जयपुर सामाजिक कार्यकर्ता बी.के. अकोदिया, दैनिक राजस्थान दर्पण के एडिटर इन चीफ डॉ. राकेश वशिष्ठ, संस्था के अध्यक्ष पुखराज जैन, सचिव के.आर. हिमांशु, उपाध्यक्ष डॉ. हरिशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट जितेन्द्र भारती आदि अतिथियों ने जयपुर जिले के चौमूं तहसील के ग्राम टांकरड़ा निवासी एवं बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को साफा, दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिह्न एवं सामर्थ्य राजस्थान गौरव अवार्ड-2026 भेंटकर सम्मानित किया।

सामाजिक कार्यकर्ता हरसोलिया को पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट व निस्वार्थ सेवा कार्य करने पर राजस्थान गौरव उपाधि से अलंकृत किया गया है।

शॉर्ट फिल्म गलती किसकी को मिला बेस्ट शॉर्ट फिल्म अवार्ड-2026

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं निवासी फिल्म मेकर राम गोपाल सैनी द्वारा निर्देशित और संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित बहुचर्चित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी की स्पेशल स्क्रीनिंग एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स द्वारा राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में आयोजित कला, संस्कृति और सिनेमा के संगम के बीच एक गरिमामयी समारोह में संपन्न हुई । जिसे दर्शकों और अतिथियों ने बेहद सराहा। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में फिल्म को बेस्ट शॉर्ट फिल्म अवार्ड-2026 से नवाजा गया। फिल्म की पूरी टीम को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथियों राजस्थान खाद्य सुरक्षा विभाग के



अतिरिक्त कमिश्नर पंकज ओझा और एसआरके फिल्म प्रोडक्शन्स की प्रोड्यूसर डॉ. भावना शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

इस भव्य आयोजन में समाजसेवा, कला और प्रशासनिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी पूनम खंगारोत, चीफ गेस्ट महेश व्यास, डॉ. हेमंत चंदूलानी और राजवीर सिंह भाटी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों और तकनीशियनों की पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी, राजस्थानी सिनेमा के महानायक उग्रसेन तंवर,एक्टर मोहन सैनी, संदीप शर्मा, प्रिया शर्मा और एडिटर रजनीश सैनी सहित फिल्म निर्माण से जुड़े कई प्रमुख चेहरे और सिनेप्रेमी उपस्थित रहे।

फिल्म गलती किसकी की पटकथा, दमदार अभिनय और इसके संवेदनशील सामाजिक संदेश ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों और दर्शकों का दिल जीत लिया। यह आयोजन राजस्थान में क्षेत्रीय लघु फिल्मों और कलात्मक सिनेमा के बढ़ते कदमों का एक शानदार उदाहरण साबित हुआ।

प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी ने दी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ

जयपुर (हमारा वतन)। प्रकाश के महापर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज के पावन अवसर पर राधास्वामी बाग़ स्थित प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन कैलाश चौधरी ने समस्त प्रदेशवासियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में चेयरमैन कैलाश चौधरी ने कहा कि दीपावली का यह पवित्र त्योहार हमारे जीवन में सकारात्मकता, सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह दीपों का पर्व हर घर-आंगन को खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता के प्रकाश से रोशन करे। कैलाश चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा ही वह दीपक है, जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर उज्वल भविष्य की राह दिखाता है। इस दीपावली पर आइए हम सभी ज्ञान, अनुशासन और हार्ड वर्क के दीये जलाकर देश व समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस त्योहार को प्रेम, सौहार्द और पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएँ।





एमडी मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं शहर के थाना मोड़ स्थित एमडी मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने पंचायतीराज चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भव्य रूप से सम्मान किया।

ऑनर महेंद्र कुमार दादरवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों को माला, साफा, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंट कर भाव भीना स्वागत किया। दादरवाल ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का आज सम्मान किया और उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

हमारे एमडी मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक शॉप पर सभी कंपनियों के मोबाइल उचित रेट पर उपलब्ध हैं। साथ ही कैशबैक और लकी ड्रा जैसे ऑफर चल रहे हैं। वहीं हमारी शॉप की तरफ से सभी ग्राहकों को स्पेशल उपहार भी दिए जा रहे हैं। सभी ग्राहकों से एक बार शॉप का विजिट करने का आव्हान किया। इस दौरान उपसभापति बाबूलाल सैनी, पार्षद संदीप कुमावत, नवनिर्वाचित सरपंचगण, गुरु सैनी, कृष्ण कुमार दादरवाल , बादल , ओमप्रकाश निठारवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



चौमूं में पेमा बुद्धिस्ट नेपाली मार्केट का हुआ भव्य शुभारंभ

जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं शहर के जयपुर रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर के पास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेमा बुद्धिस्ट नेपाली मार्केट का आज अतिथियों द्वारा फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों और अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही।

मार्केट की संचालिका पेमा खांडो ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान संचालिका ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल की तरह इस बार भी वे चौमूं के लोगों के लिए सर्दियों के गर्म और ऊनी कपड़ों की बेहतरीन और लेटेस्ट वैरायटी लेकर आए हैं। एक ही छत के नीचे विंटर वेयर का विशाल संग्रह पेमा बुद्धिस्ट नेपाली मार्केट में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए सभी प्रकार के ट्रेंडी और आरामदायक ऊनी वस्त्र उचित दामों पर उपलब्ध हैं। यहाँ प्रमुख रूप से जैकेट, ब्लेज़र, स्वेटर,ट्रैक सूट, लोअर, कैप,मफलर स्टॉल, शॉल और प्रीमियम क्वालिटी के कंबल विशाल रेंज में उपलब्ध हैं। संचालिका ने शहरवासियों से अपील की है कि वे ठंड के इस मौसम में एक बार मार्केट का विजिट जरूर करें। इस भव्य शुभारंभ अवसर पर रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, सरपंच सोहन जिंजवाडिया, विराज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, विजेंद्र मीणा, जितेन्द्र शर्मा, किरण चौधरी, मनीषा, सीमा पालावत, हेमराज शर्मा, राजू यादव, संजय सैनी, अभी गोदारा, महेंद्र गोदारा, लाल चंद झाझड़ा, कृपा शर्मा, शालिनी अग्रवाल, अंजुम खानम, मिट्ठू, और सूरज चौधरी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



दीपावली पर विराज फाउंडेशन करेगा सर्वश्रेष्ठ सजावट करने वालों को सम्मानित

जयपुर (हमारा वतन)। दीपावली के पावन पर्व पर शहर की सुंदरता और आकर्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विराज फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल की है। विराज फाउंडेशन के प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीपावली के अवसर पर शहर के विभिन्न व्यापार मंडलों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा की जाने वाली आकर्षक सजावट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उत्कृष्ट सजावट करने वाले व्यापार मंडलों एवं प्रतिष्ठानों को फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

विराज फाउंडेशन के प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस पहल के तहत 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाएगा, जो दीपावली के अवसर पर शहर के विभिन्न बाजारों, शोरूमों एवं व्यापारिक परिसरों का भ्रमण कर सजावट का अवलोकन करेगा।

मूल्यांकन के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें प्रथम श्रेणी में व्यापार मंडल द्वारा की गई सामूहिक बाजार सजावट, द्वितीय श्रेणी में शोरूम की आकर्षक सजावट तथा तृतीय श्रेणी में व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं परिसरों की सुंदर सजावट शामिल हैं।

तीनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विराज फाउंडेशन की ओर से सम्मान प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सी एम सैनी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य व्यापारियों के उत्साह, मेहनत एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा शहर में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। दीपावली के अवसर पर पूरा चौमूं शहर आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगाए तथा शहर की सुंदरता एक नई पहचान बनाए, इसी उद्देश्य से फाउंडेशन ने यह निर्णय लिया है।

इस दौरान बैठक में ओमप्रकाश रीडर, सत्य प्रकाश पारीक, राधेश्याम शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉ. एम.के. अग्रवाल, नरेंद्र सिंह सोलंकी, दिनेश कुमार कुमावत एवं डॉ. सीताराम कुमावत सहित फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चौमूं का सिद्धि विनायक मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स लाया बम्पर दीपावली ऑफर

जयपुर (हमारा वतन)। दीपावली के पावन पर्व को और अधिक खुशहाल बनाने के लिए चौमूं शहर के थाना मोड़ स्थित सिद्धि विनायक मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार और धमाकेदार बम्पर ऑफर लेकर आया है। त्योहारों के इस सीजन में नया स्मार्टफोन खरीदने की सोच रहे ग्राहकों के लिए यह बेहतरीन मौका है।



संचालक विनोद शर्मा और रामलाल सैनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के इस खास मौके पर सभी कंपनियों के स्मार्टफोन्स की खरीद पर आकर्षक कैशबैक और लकी ड्रा का शानदार ऑफर दिया जा रहा है। इसके अलावा सिद्धि विनायक मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से प्रत्येक ग्राहक को हर स्मार्टफोन की खरीद पर गारंटीड उपहार भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों की दीवाली और भी खास बन सके।

संचालकों ने चौमूं शहर और आस-पास के क्षेत्र के सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे त्योहारी खरीदारी के लिए एक बार स्टोर पर जरूर विजिट करें और इन विशेष ऑफर्स का भरपूर लाभ उठाएं।



डॉ. सुरेश चंद शर्मा को सीडर बूक यूनिवर्सिटी ने नवाजा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से

जयपुर (हमारा वतन)। सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष वृजवासी गौरक्षा सेना भारत के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा को समाज में उनके उत्तम और सराहनीय कार्यों के लिए सीडर ब्रूक यूनिवर्सिटी ने 31 अक्टूबर 2026 को मेफल गोल्ड बैंक्विट हॉल, रेडिसन होटल, दिल्ली कार्यक्रम में मानद उपाधि से सम्मानित किया ।

यह सम्मान उनके द्वारा समाज के उत्थान, शिक्षा और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है। डॉक्टर शर्मा ने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया है। जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहायता करना, सर्व समाज के बीच आपसी सौहार्द, एकता और शांति स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। उनके इन प्रेरणादायक और निष्काम सामाजिक कार्यों को देखते हुए ही सीडर ब्रूक विश्वविद्यालय द्वारा इस मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। यह न केवल डॉक्टर शर्मा के लिए बल्कि पूरे सर्व समाज जागृति संघ के लिए गर्व का क्षण है।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि पहले भी इनको कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से मानद उपाधि से नवाजा जा चुका है। जिनमें से प्रमुख ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी स्थित , यूनाइटेड अमेरिकन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी लुसियाना अमेरिका ने दिल्ली में प्रदान की थी। विभिन्न विश्वविद्यालय के अलावा कई गैर सरकारी संगठन भी मानद उपाधि से नवाज़ चुके हैं। परिवार जनों,परिचितों और संस्कार सृजन संस्था के अध्यक्ष राम गोपाल सैनी,गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत सहित कई हस्तियों ने इस विशेष उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है ।



जयपुर कल्चरल सोसाइटी द्वारा भव्य सांगीतिक संध्या आनंद एक अहसास-9 का आयोजन 14 मार्च को

जयपुर (हमारा वतन)। जयपुर कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में कला, संगीत और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक भव्य लाइव बैंड सांगीतिक संध्या आनंद एक अहसास-9 जिंदगी खुशनुमा है का आयोजन किया जाएगा। यह संगीतमय कार्यक्रम आगामी रविवार, 14 मार्च 2027 को जयपुर के प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। यह संगीत संध्या जयपुर कल्चरल सोसाइटी के संस्थापक स्वर्गीय आनंद कुमार गंगवार की पुण्यतिथि पर आयोजित की जाएगी। इस वर्ष के आयोजन की थीम जिंदगी खुशनुमा है रखी गई है, जिसका उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मकता, मेल-मिलाप और उल्लास का संचार करना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में शानदार लाइव बैंड प्रस्तुतियां, संगीत प्रेमियों के लिए एक विशेष मंच, तथा कला, प्रतिभा और आपसी सौहार्द का अनूठा उत्सव शामिल है। जयपुर कल्चरल सोसाइटी की अध्यक्ष कंचन आनंद और कार्यक्रम निदेशक एवं उपाध्यक्ष योगी राजोरा के मार्गदर्शन में यह आयोजन संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम साबित होने जा रहा है। आयोजकों ने जयपुर के समस्त कला एवं संगीत प्रेमियों से इस भव्य सांगीतिक उत्सव का हिस्सा बनने की विनम्र अपील की है।





सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष और वृजवासी गौ रक्षक सेना भारत के प्रदेश अध्यक्ष **डॉ. सुरेश चंद शर्मा जी** को समाज सेवा के क्षेत्र में सीडर ब्रूक यूनिवर्सिटी द्वारा **डॉक्टरेट** की मानद उपाधि मिलने पर

हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !


पंडित रविन्द्राचार्य
अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता


शेर सिंह कुमावत
अध्यक्ष - गौरक्षक दल

डॉ. सुरेश चंद शर्मा



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

BRIGHT ROCK
(Solution Services)

विनायक दल फाउंडेशन

बजरंग सिंह काचरेड़ा

राष्ट्रीय अध्यक्ष



Contact :- 8104888001, 9799872145
Address :- Plot No.17, Yadav Chamber, Opposite Balaji Ki Chakki Benar Station Road, Jhotwara, Jaipur
E mail :- brsolution06@gmail.com

आप सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

रामदेव यादव

प्रदेशाध्यक्ष

विश्व यादव परिषद राजस्थान

मो. 9001856931



कृष्णा प्रोपर्टीज, नगरपालिका कालाडेरा, तहसील-चौमूँ, जयपुर

आप सभी समाज बंधुओं को दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

जय नारायण चंदेल

:- अध्यक्ष -:

सैनी समाज भवन निर्माण समिति चौमूं

मो. 9414522880



आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ

विक्रम सिंह जोधा

पार्षद नगर परिषद चौमूँ

-: व्याख्याता :-

इंडियन GK और राजनीति विज्ञान

मो. - 9828287746



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ



डॉ. अशोक पाल सिंह

शिक्षक, कवि, प्रभारी प्रधानाचार्य, पर्यावरण मित्र, नोडल अधिकारी - नशा मुक्तभारत, राष्ट्रीय साक्षरता संदर्भ व्यक्ति

मो.- 9410932259, 7037551212

कार्यालय :- राजकीय उ.मा.वि.बिछोली, पोस्ट - मिलाप नगर, रुड़की, जनपद - हरिद्वार 247667.
निवास :- राज विहार कॉलोनी, पंचायत-ढंडेरा, महात्मा ज्योतिबा फुले वाई, पोस्ट - मिलाप नगर, रुड़की, जनपद-हरिद्वार 247667.

आप सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल कुमार सैनी

:- अध्यक्ष -:

महात्मा ज्योतिराव फूले विकास संस्थान चौमूं

:- निदेशक -:

बालाजी दंत चिकित्सालय, अजीतगढ़
विजय आई एवं जनरल अस्पताल, श्रीमाधोपुर

LIC - Associate, LIC Of India, Chomu

शिक्षित बेरोजगार, रोजगार हेतु संपर्क करें- 9829266688,9829866688

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

साहिबा गारमेंट

साहिबा एंटरटेनमेंट (लेडीज टॉप के थोक विक्रेता)


बसंत कुमार वासवानी
प्रोपराइटर -9928061090


पता:लक्ष्मी टावर, सर्वानंद हॉल के पास, सीकर हाउस, जयपुर -302016


मीनाक्षी परमार वासवानी
(फिल्म एंड टीवी अभिनेत्री)

MDFC (Mini Bank)

MDFC CREDIT COOPERATIVE SOCIETY LTD.

Available Service :- Saving account, Daily Account , RD, FD, Insurance, Lic policies.


पूनम शर्मा
डायरेक्टर

दीपों का महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं


रविकांत शर्मा
सीईओ


मीना शर्मा (डिंपल)
गोल्ड लोन मैनेजर


पीसी मीणा
ब्रांच मैनेजर

Gold Loan

संपर्क
01423-222752,
7742655048

कचोलिया रोड, नियर एलआईसी ऑफिस चौमूं,जयपुर ग्रामीण-303702

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।